दिनांक : 03.11.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

झारखंड–अमित शाह

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने आज झारखंड के रांची में विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र–संकल्प पत्र जारी किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य में यदि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने तो वहां समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी लेकिन जनजातियां इसके दायरे में नहीं आएंगी। उन्होंने कहा कि संथाल परगना क्षेत्र से बांग्लादेशियों की घुसपैठ रोकने के लिए नियम बनाए जाएंगे क्योंकि इससे राज्य की जनसांख्यिकी में बदलाव हुआ है। श्री शाह ने कहा कि राज्य में प्रत्येक महिला को गोगो–दीदी योजना के अंतर्गत हर महीने में दो हजार एक सौ रूपए दिए जाएंगे।

इस बीच भाजपा के घोषणापत्र पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सांसद और रांची से पार्टी प्रत्याशी महुआ माजी ने कहा, कि इस घोषणा पत्र पर कोई भरोसा इसलिए नहीं करेगा क्योंकि झारखंड जब से बना है तब से लेकर आज तक 17–18 साल तक यहां भाजपा की सरकार रही। इसके बावजूद न झारखंड का विकास हुआ और न ही रांची का विकास हुआ।

केरल– अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय सूचना–प्रसारण, रेलवे और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज केरल के कोच्चि में रेलवे से संबंधित बुनियादी ढांचा, अमृत भारत एक्सप्रेस और स्टेशन विकास परियोजनाओं के निरीक्षण के लिए विशेष रेलगाडी से अलुवा से कोझिकोड तक की यात्रा की। श्री वैष्णव आज कोझिकोड में दैनिक पत्र जन्मभूमि के स्वर्ण जयंती समारोह के तहत आयोजित ज्ञान उत्सव का भी शुभारम्भ करेंगे।

भाई दूज–शुभकामनाए

आज भाई दूज का त्यौहार देश और प्रदेश में पारम्परिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाई दूज के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि यह शुभ त्योहार भाइयों और बहनों के बीच स्नेह को गहरा करेगा। वहीं मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में लिखा कि भाई–बहन के मधुर संबंधों को प्रगाढ़ करने वाले पावन पर्व भाई दूज की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

समर्थन मुल्य

जबलपुर जिले में समर्थन मूल्य पर खरीफ़ फसल बेचने के लिए अभी तक 56 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन करवाया है। 2 दिसंबर से शुरू होने वाली खरीदी में जिले की मझौली तहसील सबसे आगे है, जहां अभी तक 14 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन करवाया है।

हाथी हमला

प्रदेश के वन और पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहीरवार ने आज उमरिया जिले के चंदिया पहुंचकर हाथी के हमले में मृत व्यक्तियों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें 8 लाख रूपये का स्वीकृति पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी हैं।

क्रिकेट

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुम्बई के वानखेडे स्टेडियम में खेले गए तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 25 रनों से हरा कर 3–0 से सीरीज अपने नाम कर ली है। आज तीसरे दिन भारत के सामने 147 रनों का लक्ष्य था, लेकिन पूरी टीम 121 रनों पर सिमट गई। ऋषभ पंत ने 64 रन बनाए वहीं न्यूजीलैंड के एजाज पटेल ने 6 विकेट लिए। भारत करीब 24 साल बाद अपने घर में सभी टेस्ट मैच हारा है। एजाज पटेल को प्लेयर ऑफ द मैच और विल यंग को प्लेयर ऑफ द सिरीज का अवार्ड दिया गया।

मौसम

प्रदेश में धीरे धीरे तापमान गिरने से अब ठंड का अहसास होने लगा है। वहीं नर्मदापुरम में ठंड जोर पकड़ने लगी है। कल रात का न्यूनतम पारा 17 डिग्री के करीब आ गया। हालांकि दिन का तापमान 30 डिग्री के पास अभी बना हुआ है। हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा दिन ब दिन नीचे जा रहा है। यहां 4 दिन पहले पारा 16 डिग्री के करीब पहुंचा था, लेकिन अभी यहां लगातार दो दिन से 12 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। जो प्रदेश में सबसे कम है।

....